2 टमाटरए चुकंदर एलहसुन एकाली मिर्च एतेज पत्ता को एक मध्यम पेन या प्रेशर कुकर में डालें । एक कप पानी और नमक डालें और मध्य आज पर जब तक चुकंदर और टमाटर नरम हो जाए तब तक ढक कर पकाइए । इसमें लगभग 8दृ 10 मिनट का समय लगेगा। अगर आप प्रेशर कुकर का प्रयोग कर रहे हैं तो उन्हें मध्य आज पर 2 सिटी होने तक पकने दे।
3. जब वह नरम हो जाए तब गैस बंद कर दे। ढक्कन निकले और मिश्रण कुछ मिनट के लिए ठंडा होने दे।
4. तेज पत्ता निकाल दे और ब्लेंडर से प्यूरी बना ले ;या मिक्सर ग्राइंडर में प्यूरी बना लेद्ध। प्यूरी बनाते वक्त ध्यान रहे क्योंकि मिश्रण गरम है।
5. एक सॉस पैन में मध्यम आंच पर आधा छोटा चम्मच बटर गर्म करें। उसमें एक बड़ा चम्मच मैदा डालें।
6. एक बड़े कटोरे के ऊपर छानी रखें। उसके ऊपर प्यूरी डालें और उसे छान ले ।बहुत बारीक छन्नी का उपयोग न करें क्योंकि हमें सूप में टमाटर का पल्प भी चाहिए।
7. चमचे से लगातार चलाते हुए 1 मिनट के लिए पकाइए।
8. धीरे.धीरे टमाटर की प्यूरी डालें और चमचे से लगातार चलाते रहे ताकि गांठे ना बने। आधा कप पानी और एक छोटा चम्मच चीनी डालें और मिश्रण को अच्छी तरह से मिला ले।

QUIZ TIME

Q.1 Which state in India has become the first to adopt a water budget for proper management of the resource?
Q.2 Which Indian-origin authority novel 'Western Lane' has been shortlisted for the Booker Prize 2023?
Q.3 ISRO along with which country hosted the international conference on Space craft mission operation SMOPS-2023?
Q.4 Who has been awarded the 2023 International Prize in Statistics?
Q.5 Who has been appointed as the chief of central Industrial Security force (CISF)?
Q.6 Name the traditional folk dance which has recently entered the Guiness Book of World Records for the largest Traditional dance performed at a single venue?
Q.7 Who has become the first woman Air Force Officer to receive the Gallantry Award?
Q.8 The Book titled 'Crosscourt' is the autobiography of which sports person?
Q.9 India's first 'Water Metro' services has been inaugurated in which state.
Q.10 Who has written the book titled 'India's Finance Minister'?
Q.11 Recently who has joined as the new member of BIRCS Bank?
Q.12 Who has won the recently held 'Miss Universe Pakistan 2023' award?
Q.13 After the construction of the New Parliament House by what name will the old Parliament House be known?
Q.14 Which word has been chosen as Collins Dictionary word of the year 2023?
Q.15 Who was the Chief guest of the Pravasi Bharatiya Divas Conference 2023?
Q.16 Which year has been declared as the international year of Millets?
Q.17 What was the theme of G-20 Summit 2023 held under the chairmanship of India?
Q.18 Who has been honoured with wildlife Conservation Award 2023?
Q.19 Which country has announced to remove the symbol of the British monarchy from its bank notes?
Q.20 Which country has hosted the ICC Women's T-20 Cricket World Cup 2023?
Q.21 Who has become the 20th Governor of Arunachal Pradesh?
Q.22 Who has won the title of cricket tournament Ranji Trophy 2023?
Q.23 Who has become the first female science chief of NASA?
Q.24 Where is India's first '3D-printed post office' opened?
Q.25 Who has won the title of 'Femina Miss India 2023'?
Q.26 When is 'National Panchayati Raj Day 2023 celebrated?
Q.27 Who has become the first woman chairman and CEO of Railway Board?
Q.28 According to the world happiness report 2023, which country has topped the list of the world's happiest countries for the sixth consecutive year?
Q.29 Who has been awarded the 'Gandhi Peace Prize' for the year 2021?
Q.30 When was Chandrayaan-3 launched

Answer **1.** Kerala **2.** Chetana Moree **3.** Italy **4.** C.R. Rao **5.** Nina Singh **6.** Bihu **7.** Deepika Mishra **8.** Jaidip Mukerjea **9.** Kerala **10.** A.K. Bhattacharya **11.** Egypt **12.** Erika Robin **13.** Constituent Assembly **14.** Artificial Intelligence (AI) **15.** President of Guyana **16.** 2023 **17.** Vasudaiva Kutumbakam or One Earth one family one future **18.** Alia Mir **19.** Australia **20.** South Africa **21.** Kaivalya Trivikram Parnaik **22.** Saurashtra **23.** Niwla Fox **24.** Bengaluru **25.** Nandini Gupta **26.** 24th April **27.** Jya Verma Sinha **28.** Finland **29.** Geeta Press Gorakhpur (UP) **30.** 14th July 2023

गाजर का हलवा

सामग्रीः गाजर 1 किलो, दूध 1 1/2 लीटर, हरी इलायची 5, घी 5.7 टेबल स्पून, चीनी 5.7 टेबल स्पून, किशमिश 2 टी स्पून, बादाम 1 टेबल स्पून, खजूर 2 टेबल स्पून
विधि 1. गाजर को पहले अच्छी तरह छील कर कस ले । **2.** इसके बाद इलायची डालकर दूध को हल्की आंच पर उबालें। **3.** भारी कढ़ाई में घी को गर्म करें और उसमें कई हुई गाजर और दूध मिले हल्की आंच पर करीब 10 से 15 मिनट हेतु रखकर छोड़ दे। **4.** फिर इसमें चीनी मिलाकर हलवे को तब तक पकाएं जब तक इसका रंग गाडे लाल रंग का ना हो जाए। **5.** अच्छे से पक जाने के बाद इसमें कटे हुए ड्राई फ्रूट्स को मिक्स करें। **6.** गरम गरम सर्व करें।
नोट– हलवे को मुलायम बनाने के लिए चीनी अंत में ही डालें।

A report on the Uttarkashi's Tunnel Rescue

Construction: The Silkyara Bend-Barkot tunnel was being constructed by Navayuga Engineering Construction Limited as part of the Char Dham. It was located on the Yamunotri end of National Highwas 134. That National Highwas is planned to connect Dharasu on the south end to Yamunotri on the North end. Thy tunnel will shorten the route by about 20 kilometres. It is planned to be 4.5 kilometres.

Collapse : The incident happened at approximately 5:30 am on 12 on November 2023 in the northerns states Uttarkashi district.

A section of the Silkyara tunnel under construction collapsed. The collapse occurred around 200 meters from the entrance of the tunnel, trapping 41 construction workers. A team of geologist from state government and educational institutions was sent to the location in order to determine possible cause of incident.

Rescue Efforts :-

Two tunnel Boring machines have been deployed during the rescue efforts. The second (flown in three parts) of the progress of the first was insufficiently speedy. On Monday evening, the rescue operation witnessed a break through after rescue were able to push a six inch diameter pipe through the debris inside the tunnel.

The new pipe which was inserted is wider then 4 inch diameter pipe, hours after a portion of it, caved in on 12 November.

The operation which entered it's 10th day on Tuesday, has encountered several delays and obstacles primarily clue to loose soil and falling debris.

The plan is to dig a hole wide enough to accommodate multiple 900 mm pipes to create a pathway through which the workers can crawl out of tunnel.

On Monday officials said that the were attempting to dig two more tunnels by side of the main tunnel as additional escape routes.

On Tuesday, welding work on fifth pipe had started. So far, it is assuming that the workers will be out from tunnel till 30th November. The efforts were still going for the rescue of workers.

Leaders of Missions Rescue operation were led by the National Disaster Response Force (NDRF), State Disaster Response Force (SDRF) and the Police.

....Samridhi Jain
B.Com IInd (General)

राम मंदिर स्थापना : एक ऐतिहासिक क्षण

राम मंदिर स्थापना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक घटना है जो भारतीय समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह घटना न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिवर्तन की नई दिशा की शुरुआत का भी प्रतीक है।

राम मंदिर की स्थापना का इतिहास लगभग पांच शताब्दियों तक जाता है, जब भगवान श्री राम ने अयोध्या में अपनी राजा की पदवी स्वीकार की थी। भगवान राम के जन्म स्थल पर एक मंदिर की मांग लंबे समय से चल रही थी और इसे लेकर विवाद भी था।

1992 में हुए बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद राम मंदिर को नष्ट करके बनाई गई बाबरी मस्जिद की जगह फिर से राम मंदिर बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन शुरू हुआ। कई सामाजिक और कुछ राजनीतिक दलों ने इस आंदोलन का समर्थन किया और राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े आंदोलन की शुरुआत हुई।

न जाने कितने ही सबूत, गवाह और दलीलों के बाद अंततः सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार वर्ष 2020 में राम मंदिर की भूमि पर भव्य राम मंदिर की स्थापना का कार्य आरंभ हुआ। इससे पहले रामलाल के लिए अलग स्थान पर अस्थाई मंदिर बनाया जा चुका था जिसे राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में राम मंदिर का भव्य निर्माण आरंभ हुआ तथा 22 जनवरी 2024 को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा हुई।

क्षत्रिय समाज में एक समर्थन और एकजुट की भावना को बढ़ाया है। इस मंदिर की स्थापना के साथ ही भारतीय समाज में एक नया धार्मिक और सांस्कृतिक सिद्धांत प्रतिष्ठित हो रहा है। भगवान श्री राम को मानवता के आदर्श मानकर यह मंदिर एक अद्वितीय धार्मिक स्थल के रूप में स्थापित हो रहा है।

इसके साथ ही राम मंदिर की स्थापना ने राजनीतिक दलों के बीच एक नया समझौता और समर्थन बनाया है। यह सिद्ध हुआ है कि धार्मिक और सांस्कृतिक विषयों को सार्वजनिक रूप से बड़ी साहित्यिक और सांस्कृतिक दृष्टि से देखा जा रहा है और राजनीतिक परिस्थितियों में एक नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना ने यह भी दिखाया है कि कैसे धार्मिक और सामाजिक एकता समृद्धि और समरसता की दिशा में बदल सकती है।

राम मंदिर स्थापना की चर्चा न केवल भारत में अपितु विदेशों में भी जोर-शोर से हो रही है। आज पूरे विश्व में भारत का परचम लहरा रहा है। पूरे विश्व ने भारत का लोहा माना है। श्री राम मंदिर की स्थापना के साथ भारतीय समाज में एक नई धार्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। समर्पण और आदर्शवाद के माध्यम से लोग एक साथ आ रहे हैं और समृद्धि की और बढ़ रहे हैं।

राम मंदिर की स्थापना के माध्यम से व्यक्ति और समुदायों को एक साथ लेकर चलने का संकेत मिलता है कि भारतीय समाज विभिन्नता को स्वीकार करने की क्षमता रख सकता है और एक मिलनसार समाज की दिशा में प्रकट हो सकता है। इस समय, राम मंदिर की स्थापना ने एक नए भारत की ओर प्रवृत्ति को दिखाया है, जिसमें धार्मिकता, सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक एकता के सिद्धांतों को मजबूती से जोड़ा जा रहा है।इसमें राजनीतिक विषयों की बात करने के लिए भी जगह है, क्योंकि राम मंदिर के माध्यम से सामाजिक समृद्धि और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा मिल रहा है।

अतः राम मंदिर की स्थापना ने भारतीय समाज को एक नया दृष्टिकोण दिखाया है और सभी वर्गों और समुदायों को एक साथ लेकर चलने का संकेत किया है। यह घटना हमें यह सिखाती है कि समृद्धि और समरसता की दिशा में हम सभी मिलकर काम कर सकते हैं और एक सशक्त और समृद्धि शील भारत की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं।

जय हिन्द-जय भारत, जय श्री राम

...संगीता शर्मा(कालूवाला)
बीएससी द्वितीय वर्ष

संकष्टी चतुर्थी जिसे कहा जाता है तिल चतुर्थी

आज संकष्टी चतुर्थी है. माघ कृष्ण चतुर्थी को आने वाली संकष्टी चतुर्थी को तिल चतुर्थी या माघी चतुर्थी भी कहा जाता है। इस दिन भगवान गणेश और चंद्रमा की उपासना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन गणपति की उपासना करने से जीवन के संकट टल जाते है। संतान प्राप्ति के लिए ये दिन उत्तम माना जाता है। इस दिन गणपति के आशीर्वाद से संतान से जुड़ी तमाम समस्याएँ भी दूर होती है। संकट चौथ पर माताएँ अपनी संतान को कष्टो से बचाने और उनकी उन्नति के लिए सूर्योदय से चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती है।

यही कारण है कि संकट चतुर्थी व्रत में चंद्रमा की पूजा को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। रात के समय चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही महिलाएँ अपना व्रत खोलती है। आइए आपको संकट चतुर्थी पर गणेश व चंद्र पूजन की विधि और चंद्रोदय का समय बताते है। संकट चतुर्थी पर खास पकवान बनाए जाते है। इस दिन तिल और गुड़ इन दोनों चीजों का बहुत महत्तव माना जाता है। तिलों के बिना संकट चतुर्थी का त्यौहार अधूरा माना जाता है। पूरे वर्ष में कुल 13 संकष्टी चतुर्थी मनाई जाती है और हर महीने अलग-अलग पीठ और भगवान गणेश के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है।

....कुमकुम(बी.ए तृतीय वर्ष)

उत्तर भारत का लोकप्रिय त्यौहार लोहड़ी

लोहड़ी हमारे उत्तर भारत विशेषकर पंजाब राज्य का एक बहुत ही लोकप्रिय त्यौहार है। यह त्यौहार मकर संक्रान्ति के एक दिन पहले मनाया जाता है। इस त्यौहार को सभी लोग मिलकर मनाते है। पंजाब राज्य मे पूरा गांव मिलकर लोहड़ी मनाता है। आजकल यह त्यौहार हर राज्य में मनाया जाने लगा है लोहड़ी के दिन लोग अग्नि जला कर उसके चारों और फेरे लेते है। और रेवड़ी, मूंगफली आदि एक-दूसरे को देते है। और आपस में बाटँते है और खाते है। इस त्यौहार में पंजाब का लोकप्रिय नृत्य भंगडा भी किया जाता है। लोहड़ी का एक अन्य नाम 'लाल लोई' भी है। यह त्यौहार पंजाब, डोगरा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू आदि राज्यां में भी लोहड़ी का त्यौहार मनाया जाता है। यह 12 या 13 जनवरी को ही होता है। कई लोगो का कहना है कि प्रजापति दक्ष की पुत्री सती के अग्नि में भस्म होने के बाद सती की याद में भी अग्नि जलाई जाती है। लोहडी के त्यौहार में माताएँ अपनी पुत्रियों को उनके ससूराल में उपहार भेजती है। जैसे वस्त्र, मिठाई, रेवडी, मूंगफली, फल आदि। लोहडी से 20-25 दिन पहले ही छेटे-छेटे बालक व बालिकाएँ लोहडी के लोकगीत गाकर लकडी और उपले एकत्रित करते है। वो घर-घर जाकर लोहडी को लोकप्रिय गीत गाते है। जो इस प्रकार है। (सुंदरी मुंदरी दुल्हा भट्टी वाला) ये इस गीत के बोल है। संचित सामग्री को लेकर लोहडी के दिन पर सभी लोग अपने नगर/गाँव के एक खाली स्थान पर लकड़ियाँ और उपलो के माध्यम से अग्नि जलाई जाती है। और सभी लोग पहले पूजा करते है और फिर अग्नि के चारों और फेरे लेते है। घर वापस आते समय लोहड़ी मेंसे दो-चार दहकते कोयले प्रसाद के रूप् में घर लाने की प्रथा है। लोहडी का त्यौहार पंजाबियों का प्रमुख त्यौहार माना जाता है लोहडी की उत्पति के बारे में काफी बाते कहीं जाती है। कई लोगो का मानना है। कि यह त्यौहार जाडे की ऋतु के आने का घोतक के रूप में भी मनाया जाता है

.... निकिता(बी. ए. द्वितीय वर्ष)

भारत की प्राचीन संस्कृति का आधार स्तंभ मकर संक्रांति पर्व

पर्व एवं अनुष्ठान, भारत की प्राचीन, उज्ज्वल संस्कृति के आधार स्तंभ हैं। त्योहार हमारे देश की विविधता में एकता का प्रतीक हैं। हमारे ऋषि मुनियों ने इन पर्वों को विशेष रूप से उर्जा एवं दिव्यता का संचार करने वाला बताया है। ये त्योहार प्रकृति एवं मनुष्य के मधुर संबंधों को दर्शाते हैं। लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू आदि पर्व फसलों की कटाई के मौसम को चिन्हित करते हैं। लोग अच्छी फसल के उत्पादन का आनन्द लेते हैं और इन त्योहारों को मनाते हैं।लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति के राष्ट्रीय, सामाजिक एवं आध्यात्मिक मूल्य का पर्व है। मकर संक्रांति का संबंध सीधा पृथ्वी के भूगोल और सूर्य की स्थिति से है।

सक्रांति का अभिप्राय है परिवर्तन। हमारे शास्त्रों में सूर्य के उत्तरायण और दक्षिणायन मार्गो का विशेष रूप से उल्लेख मिलता है। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का उद्घोष करने वाली भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति के मंगल पर्व पर सूर्य मकर रेखा से गुजरते हुए उत्तरायण में प्रवेश करता है। यह सुषुप्ति से जागृति की ओर बढने का संदेश देता है।हमारे ग्रंथों में उत्तरायण(मकर संक्रांति) को नव स्फूर्ति, प्रकाश और ज्ञान के साथ जोड़ा गया है। उत्तरायण को मोक्ष प्रदान करने वाला कहा गया है। सूर्योपासना का पर्व मकर संक्रांति हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में शामिल है। हर प्रांत में इसका नाम और मनाने का तरीका अलग- अलग है। इसे तमिलनाडु में पोंगल, असम में बिहू व बिहार में खिचड़ी के रूप में मनाया जाता है।

अलग- अलग मान्यताओं के अनुसार इस पर्व के पकवान भी अलग-

अलग होते हैं। लेकिन दाल और चावल की खिचड़ी इस पर्व की प्रमुख पहचान बन चुकी है। विशेष रूप से गुड़ और घी के साथ खिचड़ी खाने का महत्व है। इसके अलावा तिल और गुड़ का भी मकर संक्रांति पर बेहद महत्व है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर तिल के उबटन से स्नान किया जाता है। इसके अलावा तिल और गुड़ के लड्डू व अन्य व्यंजन भी बनाएं जाते हैं।

सूर्य के उत्तरायण प्रवेश के साथ स्वागत पर्व के रूप में मकर संक्रान्ति का पर्व मनाया जाता है। इसे स्नान व दान का पर्व भी कहा जाता है। इस दिन तीर्थों व पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। इस दिन गुड़, तिल, खिचड़ी, फल एवं राशि के अनुसार दान किया जाता है। इस दिन पतंग उड़ाने का भी बहुत महत्व होता है। लोग पतंगबाजी के बड़े बड़े आयोजन करते हैं।

देश भर में मकर संक्रान्ति का पर्व अतयंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मकर संक्रान्ति का यह पर्व लोक आस्था व धार्मिक महत्व को दर्शाता है।

...प्रीति बीए वर्ष तृतीय

त्याग, सेवा, भक्ति और बलिदान की धारा का नाम है 'गुरु गोविंद सिंह'

गुरु गोविंद सिंह जयंती सिख धर्म के लोगों के लिए एक प्रमुख त्योहार है। गुरु गोविंद सिंह जी सिखों के दसवें गुरु थे। इन्होंने सिख धर्म के लिए बहुत महान कार्य किए। इनका जन्म 22 दिसम्बर 1666 को बिहार की राजधानी पटना में हुआ था। वहीं पर आज तख्त श्री हरमिंदर जी पटना साहिब स्थित है। इनके बचपन का नाम गोविंद राय था। इनके पिता सिखों के 9वें गुरु श्री तेगबहादुर जी थे। इनकी माता का नाम गुजरी देवी था। ये बचपन से ही तेजस्वी, शूरवीर और स्वाभिमानी थे। घुड़सवारी करना, हथियार चलाना इनके प्रमुख खेल थे। गोविंद राय जी बचपन में मित्रों की दो टोलियाँ एकत्रित कर युद्ध करना व शत्रु को हराना सिखते थे।उन्होंने बाल्यकाल में ही हिन्दी, संस्कृत व फारसी आदि भाषाओं का पर्याप्त ज्ञान हासिल कर लिया था। उन्होंने एक महान योद्धा बनने के लिए सैन्य कौशल भी सिखा।

कशमीरी पंडितों को जबरन धर्म परिवर्तित कर मुस्लिम बनाए जाने के विरोध में उनके पिता गुरु तेगबहादुर जी ने आवाज उठाई। उस समय गोविंद राय जी की आयु केवल नौ वर्ष थी। गुरु तेगबहादुर जी के इस्लाम का विरोध करने के अपराध में 11नवम्बर 1675 को मुगल शासक औरंगजेब ने दिल्ली के चांदनी चौक में सरेआम उनका सर कलम करवा दिया। इसके पश्चात वैशाखी के दिन 29 मार्च 1676 को गोविंद राय जी सिखों के दसवें गुरु बने। उन्होंने सिखों के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब को पूरा किया तथा उन्हें गुरु रूप में सुशोभित किया।

वे मानवमात्र को नैतिकता, निडरता तथा आध्यात्मिक जागृति का संदेश देते थे।उनके जीवन का प्रथम दर्शन था कि धर्म का मार्ग ही सत्य का मार्ग है और सत्य की सदैव विजय होती है। वे भक्ति और शक्ति का अद्भुत संगम थे। उन्होंने ही सिखों को 'सतश्रीअकाल का नारा दिया था। वे स्वयं एक महान लेखक, मौलिक चिंतक व साहित्य की कई भाषाओ के ज्ञाता भी थे। 'विचित्र नाटक' व 'चण्डी दिवार' उनकी आत्मकथा हैं। 'दशमग्रंथ' गुरु गोविंद सिंह जी की रचनाओं का संकलन है। उनके दरबार में 52 कवियों व लेखकों की उपस्थिति रहती थी, इसलिए उन्हे 'संत सिपाही' भी कहा जाता था।

गुरु गोविंद सिंह जी शूरवीर और तेजस्वी नेता थे। उन्होंने जुल्म को खत्म करने व गरीबों की रक्षा के लिए मुगलों के साथ 14 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की। उनका मानना था कि शक्तिहीन व्यक्ति यदि शांति करता है तो वह कायर माना जाता है। गुरु गोविंद सिंह जी ने कमज़ोरों को वीर और बहादुरों को सिंह बना दिया था।

चिड़ियों से मैं बाज तड़ाऊँ,
गीदड़ों को मैं शेर बनाऊँ
सवा लाख से एक लड़ाऊँ, तभी गोविंद सिंह नाम कहाऊ

गुरु गोविंद सिंह जी विश्व की बलिदानी परम्परा में अद्वितीय थे। उन्होंने धर्म के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान दे दिया। इसीलिए उन्हें 'सरबंसदानी' कहा जाता है। इसके अलावा जनसाधारण में वे कलगीधर, बांजावाले व दशमेश आदि नाम व उपनामों से प्रसिद्ध हैं।

देश की अस्मता, भारतीय विरासत और जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए 1699 में उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की। 27 दिसम्बर 1704 को उनके पुत्रों 'जोरावरसिंह एवं फतेहसिंह' को दिवारों में चिनवा दिया गया, गुरु गोविंद सिंह जी ने मुगल शासक औरंगजेब के पास जफरनामा (विजय की चिठ्ठी) भेजकर यह चेतावनी दी कि तुम्हारा साम्रा'य नष्ट करने के लिए खालसा पंथ तैयार है। उन्होंने खालसा को 'काल पुरख की फौज' पद से नवाजा था।

गुरु गोविंद सिंह जी शौर्य, साहस, पराक्रम, वीरता के प्रतीक थे। 7 अकतूबर 1708 को गुरु गोविंद सिंह जी नांदेड़ साहिब में दिव्य 'योति में लीन हो गए। उन्ही की स्मृति में प्रति वर्ष देश भर में गुरु गोविंद सिंह जयंती मनाई जाती है। इस दिन सभी गुरुद्वारों को सजाया जाता है। इस दिन नानक वाणी पढ़ी जाती है और लोक कल्याण के तमाम कार्य किए जाते हैं।इस दिन देश-विदेश में स्थापित गुरुद्वारों में लंगर रखा जाता है।

उन्होंने सदा प्रेम, एकता व भाईचारे का संदेश दिया था। गुरु गोविंद सिंह जी की सेवा, भक्ति, शान्ति, क्षमा व सहनशीलता की भावना युगों- युगों तक मानवता में कायम रहेगी।

गुरु गोविन्द सिंह का जन्म 22 दिसम्बर 1666 को पटना में नौवें सिक्ख गुरु श्री तेग बहादुर जी और माता गुजरी के घर हुआ था। उनके बचपन का नाम गोविन्द राय था। मार्च 1672 में उनका परिवार हिमालय के शिवालिक पहाड़ियों में स्थित चक्क नानकी नामक स्थान पर आ गया। चक्क नानकी ही आजकल आनन्दपुर साहिब कहलाता है। यहीं पर इनकी शिक्षा आरम्भ हुई। उन्होनें फारसी, सस्कृत की शिक्षा ली और सैन्य कौशल सीखा।

11 नवम्बर 1675 को इस्लाम न स्वीकारने के कारण औरगंजेब ने दिल्ली के चादंनी चौक में सार्वजनिक रुप से उनके पिता गुरु तेग बहादुर का सिर कटवा दिया। इसके पश्चात वैशाखी के दिन 29 मार्च 1676 को गोविन्द सिंह सिक्खों के दसवें गुरु घोषित हुए। दसवें गुरु बनने के बाद भी उनकी शिक्षा जारी रही। शिक्षा के अतंर्गत उन्होनें पढ़ना-लिखना, घुड़सवारी तथा सैन्य कौशल सीखे।

सन् 1699 में गुरु में गुरु गोविन्द सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की जो सिक्खो के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इन्होनें पवित्र ग्रन्थ 'गुरु ग्रन्थ साहिब' को पूरा किया। उनके विषय में जानकारी प्राप्त करने का सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत उनकी आत्मकथा 'बचित्तर नाटक' है, जो दसम ग्रन्थ का एक भाग है।

उन्होने अन्याय अत्याचार और पापों को खत्म करने के लिए और धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के साथ 14 युद्ध लड़े। धर्म की रक्षा के लिए मुगलो के साथ युद्ध किए तथा समस्त परिवार का बलिदान किया, जिसके लिए उन्हें 'सरबंसदानी' भी कहा जाता है। वे भक्ति तथा शक्ति के अद्वितीय संगम थे। इसलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। वे अपनी वाणी में उपदेश देते हैं

''भै काहू को देत नहि, नहि भय मानत आन''

अर्थात मनुष्य को किसी को ड़राना भी नहीं चाहिए और न किसी से डरना चाहिए।

खालसा पंथ की स्थापनाः- गुरु गोविन्द सिंह जी ने सन् 1699 में बैसाखी के दिन खालसा- जो सिक्ख धर्म के विधिवत दीक्षा प्राप्त अनुयायियों का एक सामूहिक रूप है उसका निमार्ण किया। खालसा पंथ के निर्माण से पहले एक बार सिक्ख समुदाय की एक सभा में गुरु गोविन्द सिंह ने एक सवाल पुछा कि कौन अपने सर का बलिदान देना चाहता है? उसी समय एक स्वयं सेवक इस बात के लिए आगे आया। गुरु गोविन्द सिंह उसे अपने साथ तम्बू में ले गए और कुछ देर बाद एक खून से लिपटी तलवार के साथ वापस आए। गुरु जी ने दोबारा उस भीड़ में वही सवाल पुछा और उसी प्रकार एक और व्यक्ति राजी हुआ। फिर से गुरु जी उसके साथ तम्बू में गए तथा खून से सनी तलवार उनके हाथ में थी। इसी प्रकार पांचवा स्वयंसेवक जब उनके साथ गया तो कुछ देर बाद गुरु जी सभी जीवित सेवकों के साथ वापस लौटे और उन्होनें उन्हें पंज प्यारे या पहले खालसा का नाम दिया। पहले पांच खालसा का निर्माण करने के बाद उन्हें छठवां खालसा का नाम दिया गया। इस प्रकार उनका नाम गोविन्द राय से गोविन्द सिंह पड़ गया।

गुरु गोविन्द सिंह जी द्वारा एक लोहे के कटोरे में पानी और शक्कर (चीनी) को दो धारी तलवार से घोलकर उसे अमृत का नाम दिया गया। इनके द्वारा ही खालसा पंथ के लिए पांच ककारों के महत्व को समझाया गया- केश, कंघा, कडा, किरपान, कच्चेरा को सिख के लिए आवश्यक बताया।

निधनः 'मुक्तसर' नामक स्थान पर 8 मई सन् 1705 में मुगलों के साथ भयानक युद्ध हुआ, जिसमें गुरु जी की जीत हुई। आगे 1706 में गुरु जी को औरंगजेब की मृत्यु की खबर मिली। इसके बाद इन्होनें बहादुरशाह को बादशाह बनाने में पुरी मदद की। बहादुरशाह व गुरु जी के संबधों को देखकर नवाब वजीत खाँ डर गया। नवाब ने दो पठानों की मदद से गुरु जी पर हमला करवाया, जिसके बाद 7 अक्टूबर 1708 को गुरु गोविन्द सिंह जी नांदेड़ में दिव्य ज्योति में लीन हो गए।

....**मनीषा**(बी.ए. द्वितीय वर्ष)

किसानों के मसीहा दीनबंधु चौधरी छोटूराम



''किसान को लोग अन्नदाता तो कहते हैं लेकिन यह कोई नही देखता कि वह अन्न खाता भी है या नहीं। जो कमाता है वही भूखा रहे यह दूनिया का सबसे बडा आश्चर्य है।''

किसानों के मसीहा, छोटूराम के इन चंद शब्दों ने इतिहास के पन्नो में किसानों की

जगह बनाई। मुसलमानों के रहबर-ए-आजम और हिन्दूओं के दीनबंधु सर छोटूराम का जन्म 24 नवम्बर 1881 में झज्जर के छोटे से गांव गढ़ी सांपला में साधारण किसान परिवार में हुआ। उनका वास्तविक नाम रिछपाल था। अपने भाइयों में ये सबसे छोटे थे इसलिए सारे परिवार के लोग इन्हे छोटू राम कहकर पुकारते थे।

स्कूल रजिस्टर में भी इनका नाम छोटू राम ही लिखा गया तथा बाद में ये महापुरुष छोटूराम के नाम से विख्यात हुए। इनकी प्रारंभिक शिक्षा तो गांव के पास के स्कूल से हो गई परन्तु वे आगे भी पढ़ना चाहते थे। इसलिए उनके पिता उनकी आगे की पढ़ाई के लिए साहूकार से कर्ज मागंने गए परंतु वहाँ साहूकार ने उनका बहुत अपमान किया। अपने पिता के इस अपमान ने छोटूराम के कोमल मन में विद्रोह के बीज बो दिए।

उन्होनें एक ईसाई मिशनरी स्कूल में दाखिला ले लिया, जहाँ से उनके जीवन की पहली क्रांति की शुरुआत हुई। उन्हे स्कूल में 'जनरल रॉबर्ट' के नाम से जाना जाने लगा। अब छोटूराम हर अन्याय के विरोध में खड़े होने लगे।

सन् 1905 में दिल्ली के सैंट स्टीफंस कॉलेज से उन्होने ग्रेजएशन की। आर्थिक हालातो के चलते उन्हे मास्टर्स की डिग्री छोड़नी पड़ी। उन्होनें राजा रामपाल सिंह के सह-निजी सचिव के रूप में काम किया और वर्ष 1907 तक अंग्रेजी के हिन्दुस्तान समाचार-पत्र का संपादन किया। इसके बाद वे वकालत की डिग्री प्राप्त करने चले गए।

साल 1911 में उन्होनें वकालत की डिग्री प्राप्त कर ली। 1912 से ये चौधरी लालचंद के साथ वकालत करने लगे। उसी साल उन्होनें जाट सभा का भी गठन किया। साथ ही अनेक शिक्षण सस्थानों की स्थापना की।

सर छोटूराम देश में किसानों की दुर्दशा से भली-भाँति परिचित थे। इसलिए उन्होनें साल 1915 में 'जाट-गजट' नामक अखबार शुरु किया। इसके माध्यम से उन्होनें ग्रामीण जनजीवन का उत्थान और साहूकारों द्वारा गरीब किसानों के शोषण पर क्रांतिकारी लेख लिखे। वे अंग्रेजी अफसरों के अत्याचारों के खिलाफ न तो बोलने से डरते थे और न ही लिखने से। पूरे देश में उनकी शाख्सियत के चर्चे होने लगे। साल 1937 में पंजाब के प्रोवेशियल असेंबली चुनावों में उनकी पार्टी को जीत मिली और वे विकास व राजस्व मंत्री बन गए। इसके बाद लोग उन्हे 'राव बहादुर कहने लगे। किसान आंदोलन- देश के किसानों को एक करने के लिए उन्होनें युनियनिस्ट पार्टी का गठन किया, जिसे जमींदार लीग के नाम से जाना गया। उनकी कलम जब भी चलती तो भारतीयों के साथ-साथ ब्रिटिश राज को भी झकझोर कर रख देती। लोगों के बीच उनके बढ़ते कद को देखकर, अंग्रेजी सरकार द्वारा सर छोटूराम को देश निकाला देने के प्रस्ताव के पक्ष में नही आई। तत्कालीन पंजाब सरकार ने बताया कि चौधरी छोटूराम अपने आप में एक क्रांति है, अगर उन्हें देश निकाला मिला तो फिर से देश में क्रांति होगी तथा इस बार हर एक किसान चौधरी छोटूराम बन जाएगा। सर छोटूराम ने ऐसे कई समाज सुधारक कानून पारित करवाए जिससे किसानों को शोषण से मुक्ति मिली। ये है पंजाब रिलीफ इंडेब्टनेस (1934), द पंजाब डेब्टर्स प्रोटेक्शन एक्ट (1936), साहूकार पंजीकरण एक्ट (1938), गिरवी जमीनों की मुफ्त वापसी एक्ट (1938), व्यवसाय श्रमिक अधिनियम (1940) आदि। भाखडा-नांगल बांध भी चौधरी छोटराम की ही देन है। अंतिम यात्रा- साल 1945 में 9 जनवरी को चौधरी छोटूराम ने अपनी आखिरी सांस ली। वे स्वयं तो चले गए परंतु उनके लेख आज भी देश की अमूल्य विरासत हैं। किसानों के इस नेता ने जो लिखा वह आज भी देश और समाज व्यवस्था पर लागू होता है।

...**दिव्या(बी.ए द्वितीय वर्ष)**

शौर्य, बलिदान व त्याग की मिसाल महाराणा प्रताप

आजकल भारत में जब भी इतिहास पर चर्चा होती है तो निगाहें हमेशा मुगलों के कालखण्ड पर आकर ही क्यों टिक जाती है? यह बात ठीक है कि मुगलों ने उतर भारत पर दो शताब्दियों तक शासन किया लेकिन उनके अलावा भी भारत का एक इतिहास है जिस पर वास्तव में ध्यान देने की जरुरत है। दरअसल यह इतिहास उन शूरवीरों का हैं जिन्होनें अपने शौर्य, बलिदान एवम् त्याग से ही नही बल्कि कई महानतम मिसालें कायम की। इन्ही में से एक थे- महाराणा प्रताप। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के मेवाड़ में हुआ था। राजपूत घराने में जन्म लेने वाले प्रताप उदय सिंह द्वितीय और महारानी जयवंता बाई के सबसे बड़े पुत्र थे। वे एक महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे। महाराणा प्रताप ने मुगलों के बार-बार हुए हमलों से मेवाड़ की रक्षा की। उन्होनें अपनी आन, बान और शान के लिए कभी समझौता नही किया।

महाराणा प्रताप के बारे में कहा जाता है कि बचपन में ही इनका सामना अकबर से हुआ था और वहीं से ही अकबर और महाराणा प्रताप के बीच में एक दुश्मनी की लकीर खींच गई थी। जो अंतिम समय तक रही। इनकी दूसरी माँ मीराबाई अपने पुत्र जगमाल को मेवाड़ का उतराधिकारी बनाना चाहती थी। लेकिन इनके पिता उदय सिंह महाराणा प्रताप को मेवाड़ का उतराधिकारी घोषित करना चाहते थे। इस बात को लेकर उनके परिवार में काफी दिनों तक संघर्ष चला और अंतिम रुप से मेवाड़ के उतराधिकारी प्रताप चुने गए।

हल्दीघाटी का ऐतिहासिक युद्ध- महाराणा प्रताप के पिता उदय सिंह ने अकबर की विशाल सेना को देखकर चितौड़ छोड़ दिया और उदयपुर को अपना नया राजस्थान बना, जब 1572 ई0. में इनकी मृत्यु हो गई तब उदयपुर के राजा महाराणा प्रताप बने। इसके बाद उन्होनें प्रतिज्ञा ली कि जब तक वह चितौड़ को अकबर से मुक्त नहीं करवाएंगे तब वह जमीन पर सोएंगे और पतल में खाना खाएगें और मूछों में ताव भी नही लगाएंगे।

अकबर एक बहुत ही कुशल राजा था। उसने कई राजपूत वंश के राजाओं को विभिन्न प्रकार का प्रलोभन देकर उन्हें अपने अधीन कर लिया। जब अकबर ने यह प्रस्ताव महाराणा प्रताप के पास भेजा तो उनके इस प्रस्ताव को महाराणा प्रताप ने खारिज कर दिया। उन्होनें कहा कि जब तक उनके शरीर में जान है तब तक वह उदयपुर को अकबर का गुलाम नहीं बनने देंगे। इसके बाद अकबर ने अपने सेनापति मानसिंह को विशाल सेना के साथ महाराणा प्रताप से युद्ध करने के लिए भेजा।

उसके बाद ही हल्दीघाटी का ऐतिहासिक युद्ध घटित हुआ, जिसमें एक तरफ मुगलों के 80000 सैनिक और दूसरी तरफ महाराणा प्रताप के मात्र 22000 सैनिक थे। युद्ध में महाराणा प्रताप ने मुगलों के दाँत खट्टे किए और अंत तक लड़त रहे। इस युद्ध में उनके घोड़े चेतक ने एक अहम भूमिका निभाई थी। इस युद्ध के दौरान महाराणा प्रताप जंगलो में रहा करते थे और वहीं पर कंद-मूल खाकर अपना जीवनयापन करते रहे। हालांकि हल्दीघाटी के युद्ध में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, परन्तु उन्होनें कभी भी अकबर के सामने आत्म-समर्पण नहीं किया।

चेतक- महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक उनकी ही तरह बहादुर था। महाराणा के साथ उनके घोड़े को हमेशा याद किया जाता है। जब मुगल सेना महाराणा प्रताप के पीछे लगी, तब चेतक महाराणा को अपनी पीठ पर लिए 26 फीट के उस नाले को लाँघ गया था जिसे मुगल पार न कर सके। चेतक इतना अधिक ताकतवर था कि उसके मुहँ के आगे हाथी की सूड़ँ लगाई जाती थी। चेतक ने महाराणा को बचाने के लिए अपने प्राण त्याग दिए। महाराणा प्रताप की गिनती भारत के इतिहास में एक वीर योद्धा के तौर पर होती है। ऐसा माना जाता है कि जब एक दुर्धटना में गभीर चोट आने के कारण 19 जनवरी 1557 ई0. का उनकी मृत्यु हो गई तथा इसकी सूचना अकबर को मिली तब अकबर की आखें भी नम हो गई और अकबर ने कहा कि उन्होनें अपने पूरे जीवनकाल में ऐसा निड़र और साहसी राजा नहीं देखा।

.....**रचना**(बी.ए. द्वितीय वर्ष)

युवा महोत्सव 'उत्कर्ष' में छात्राओं ने मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

युवा महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का 9 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान, 3 प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान व 10 प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान रहा

महाविद्यालय ने 34 प्रतियोगिताओ में छात्राओं ने युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का 9 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान, 3 प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान व 10 प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान रहा। प्रतियोगिताओ में छात्राओं ने अद्वितीय प्रतिभा को दिखाते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्रबंधकारिणी समिति व प्राचार्या डॉ0 अलका मित्तल ने छात्राओं और प्राध्यापिकाओं को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया। डॉ0 अलका मित्तल ने बताया कि छात्राएं पिछले 1 माह से परीक्षाओं के साथ-साथ युवा महोत्सव की तैयारियां कर रही है। जिसमें प्राध्यापिकाओं की भागीदारी भी सराहनीय रही है। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं न केवल सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है अपितु शैक्षणिक व खेलकूद क्षेत्र में भी नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। छात्राओं की उन्नति में महाविद्यालय पूर्ण रूप से उनके साथ हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है।

युवा महोत्सव में छात्रों की उपलब्धियां इस प्रकार रही

- >> भारतीय शास्त्रीय संगीत तृतीय स्थान
- >> सामान्य समूह गान तृतीय स्थान
- >> कवाली तृतीय स्थान
- >> वेस्टर्न समूह गान तृतीय स्थान
- >> एकल वेस्टर्न गान तृतीय स्थान
- >> शास्त्रीय सितार प्रथम स्थान
- >> शास्त्रीय तबला वादन तृतीय स्थान
- >> पोस्टर मेकिंग प्रथम स्थान
- >> ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रथम स्थान
- >> कार्टूनिंग में प्रथम स्थान
- >> फोटोग्राफी में प्रथम स्थान
- >> कोलाज मेकिंग में प्रथम स्थान
- >> इंस्टॉलेशन में प्रथम स्थान
- >> वाद विवाद अंग्रेज़ी में प्रथम स्थान
- >> मिमीक्री में तृतीय स्थान
- >> माईम में तृतीय स्थान
- >> हिन्दी कविता गायन में द्वितीय स्थान
- >> उर्दू कविता गायन में तृतीय स्थान
- >> पंजाबी कविता गायन में तृतीय स्थान
- >> शास्त्रीय एंकल नृत्य में प्रथम स्थान
- >> रंगोली प्रथम स्थान

आदर्श महिला महाविद्यालय में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय और महिला हैंडबाल चैंपियनशिप में खिलाड़ियों में चले कड़े मुकाबले

खेल सिर्फ हार जीत का नही अपितु निरंतर सीखने की कला है। खेलो के माध्यम से टीम भावना, अनुशासन व शीघ्र निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। यह उद्गार आदर्श महिला महाविद्यालय में आयोजित उतर क्षेत्रीय अन्त विश्वविद्यालय महिला हैड़बॉल चैपियनशिप में पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि कुलसचिव चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय ऋतु सिंह ने कहे। उन्होनें यह भी कहा कि आप सभी खिलाड़ी अच्छे अनुभवों के साथ जाऐं और नई पीढ़ी को प्रेरणा दें।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि निर्देशक खेल दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय, मुरथल से डॉ0 बिरेन्द्र हुड्डा व साउथ ऐंशियन गेम्स हैड़बॉल मेडलिस्ट संचिता रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ0 पवन बुवानीवाला ने की। ड़ा. पवन बुवानीवाला ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा अवस्था में शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिए। उन्होनें भारतीय युवाओ से यह अपील भी कि की वह अपनी प्रतिभा का प्रयोग देश हित के लिए करें। उन्होनें यह भी कहा कि खेलों को धैर्य, अनुशासन, सद्भावना व खेल की भावना से खेलें।

गौरतलब है चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा आदर्श महिला महाविद्यालय में आयोजित उतर क्षेत्रीय अन्त महाविद्यालय महिला हैंड़बॉल चैंपियनशिप में 9 राज्यों से 27 टीमों ने भाग लिया। जिसमें मुख्यतः हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उतर प्रदेश, उतराखण्ड़, पजांब, हरियाणा राज्यों से टीम ने शिरकत की। पहला नॉक आउट मैंच उतराखण्ड और पंजाब विश्वविद्यालय टीम के बीच खेला गया जिसमें पंजाब विश्वविद्यालय विजय रहा। 20 जनवरी सुबह तक क्वालीफाई मैच खेले जाएगें। तदोपरांत विजयी टीम के बीच सुपर लीग मैंच 21 जनवरी शाम तक खेलें जाएगें चैपियनशिप उद्घाटन सत्र की विधिवत शुरुआत खिलाड़ीयों द्वारा अतिथि गण को मार्च पास्ट में सलामी देकर की गई। छात्राओं ने योगा की झलकियां व हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किए।

दूसरे दिन सांयकालीन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो0 राजकुमार मित्तल ने तथा प्रातकालीन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि परीक्षा नियंत्रक ड़ॉ पवन गुप्ता व विशिष्ट अतिथि उमेश कुमार क्रीडा भारती के द्विप्रांतीय संयोजक ने शिरकत की। कुलपति प्रो राजकुमार मित्तल ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से आपसी प्रेम एवं भाई चारा को बढ़ावा मिलता है। खेलों से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है जरूरत है तो सही प्रशिक्षण एवं उचित प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने की। विश्वविद्यालय के गठन से लेकर अब तक विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परचम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहराया है और विश्वविद्यालय के साथ-साथ भिवानी जिले और हरियाणा का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय की टीम ने अपने सभी लीग मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्वविद्यालय की टीम एवं प्रशिक्षक तथा खेल विभाग को कुलपति प्रोफेसर राजकुमार मित्तल ने बधाई दी। डॉ. पवन गुप्ता ने कहा कि खेल शारीरिक व्यायाम का अच्छा साधन है आज की युवा पीढ़ी न केवल शैक्षिणिक क्षेत्र मे उन्नति कर रही है अपितु राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत में भारत का नाम विश्वपटल पर अकिंत कर रही है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक ने सभी मुख्य अतिथियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया।

सांयकालीन सत्र मे बतौर मुख्य अतिथि आदर्श महिला महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने शिरकत की उन्होनें खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक संतुलन की विधा है खेलो के माध्यम से आज की युवा पीढ़ी नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है जिसमें महिलाओं का योगदान सराहनीय रहा है।

उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला चैंपियनशिप के चैथे दिन समापन समारोह के प्रातः कालीन सत्र मे बतौर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी मीनू अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि अंजू गर्ग ने शिरकत की। उन्होंने छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि खेल खेलने से लड़कियों में आत्मविश्वास और आत्म सम्मान बढ़ता है। खेल जगत में महिलाओं के कदम रखने से नई कीर्तिमान भी स्थापित हुए हैं ।आज महिलाएं खेलों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बना रही है। जिसके लिए आवश्यकता है उनके परिवार को भी उनका साथ देने की।

सायंकालीन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संदीप कोटिया हरियाणा राज्य हैंडबॉल महासचिव व विशिष्ट अतिथि परमिंदर सिंह अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी, एमडीयू की खेल उप निदेशक डॉ शकुंतला बेनीवाल ने शिरकत कर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। परविंदर सिंह ने कहा कि युवा अवस्था अपने अंदर गुणों का निखार करने की अवस्था है। इस अवस्था में हमें अत्यधिक सीखना चाहिए। संघर्ष करने के पश्चात जो सफलता मिलती है, उसका अलग ही मजा होता है।

उन्होंने यह भी कहा कि आप अपने अंदर आत्मविश्वास को बढ़ाएं, अपने सीनियर से सीखे। जिसमें सीबीएलयू भिवानी ने सीआरएसयू जींद तीन गोल से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। सीआरएसयू को द्वितीय स्थान मिला। डीयू ने जीएनडीयू , अमृतसर को हराकर तृतीय स्थान हासिल किया। चैंपियनशिप संयोजक डॉ सुरेश मलिक ने कुलपति प्रो राजकुमार मित्तल एवं कुलसचिव डॉ ऋतु सिंह सहित सभी अतिथि गण व अन्य महानुभव का चैंपियनशिप के सफल आयोजन पर धन्यवाद किया और बधाई दी। कार्यक्रम में डॉ0 सुरेन्द्र दलाल, डॉ0 वीरेंद्र, डॉ0 गीता ,मंजीत, डॉ0 सुनील शर्मा, डॉ0 अनुराग, कोच मंजीत ढांढा, सुपरवाइजर रविंद्र शर्मा कुलदीप गुलिया, महाविद्यालय से डॉ0 रिंकू अग्रवाल, डॉ0 निशा शर्मा, डॉ0 रेनू, नेहा, डॉ0 गायत्री बंसल, मोहिनी, एवं समस्त शारीरिक शिक्षा विभाग उपस्थित रहा।

अनुपमा यात्रा

स्वामित्व, मुद्रक एंव प्रकाशक आदर्श महिला महाविद्यालय भिवानी द्वारा हरियाणा की आवाज प्रिंटर्स, भिवानी से मुद्रित करवाकर आदर्श महिला महाविद्यालय, हांसी गेट भिवानी-127021 से प्रकाशित किया जाता है। Title-Code:- HARBIL01906 **प्रबंध सम्पादक:** डॉ. अलका मित्तल

मोबाईल नम्बर: 9306940790 **नोट:** सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भिवानी न्यायालय होगा **Gmail:** anupama.express@ammb.ac.in